कोटा में युवाओं से संवाद सिर्फ एक फेल्ड स्टंट: राठौड़

जोधपुर,वेब वार्ता। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हालिया कोटा दौरे और युवाओं से संवाद को लेकर तीखा हमला बोला। राखी ने राहुल के संवाद को फेल्ड स्टंट करार दिया और कहा कि री-नीट परीक्षा में जब सिर्फ तीन दिन बाकी हैं, ऐसे समय में कोटा में एक छात्र का सुसाइड नोट पढ़ना बेहद गैर-जिम्मेदाराना है। इससे परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र मानसिक दबाव और भावनात्मक तनाव में आ सकते हैं। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़ एक दिन के दौरे पर शुक्रवार को जोधपुर पहुंची, जहां पार्टी और मोर्चा पदाधिकारियों ने साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए महिला सशक्तिकरण, पंचायत एवं निकाय

चुनावों में महिलाओं की भागीदारी, महिला सुरक्षा, संगठन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल, पेपर लीक प्रकरण तथा राहुल गांधी के कोटा दौरे सहित कई मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखी। राठौड़ ने कहा कि राहुल के पास इस फील्ड का कोई अनुभव या ज्ञान नहीं है, फिर भी वे ऐसी राजनीति कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। राहुल बच्चों की भावनाओं से खेल रहे हैं, जिसका उन्हें अधिकार नहीं है। जनता इनके चेहरे पर विश्वास नहीं करेगी, जिनके राज में पेपर लीक हुए हो। उन्होंने अपने अध्यापन के दिनों को याद करते हुए कहा, मैंने सात साल आईआईटी के छात्रों को गणित पढ़ाई है, इसलिए मैं बच्चों की मानसिकता और उनके ट्रॉमा को अच्छे से समझती हूं। राठौड़ ने पिछली कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह वही चेहरा है, जिसके कार्यकाल में 18 में से 17 पेपर लीक हुए। वहीं हमारी सरकार ने युवाओं के लिए देश में सबसे पहले परीक्षा कैलेंडर जारी किया है। वादे के मुताबिक 4 लाख सरकारी नौकरियां व 6 लाख रोजगार देने का काम पूरी मजबूती से किया जा रहा है। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राखी ने बताया कि हमारी सरकार पेपर लीक की परेशानी को खत्म करने की और काम कर रही है। केंद्र सरकार भी इसमें लगी हुई है। हम उन लोगों में से नहीं है जो यह कह दे की पेपर लीक करने वाले को जेल भेज दो, जेल भेजने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। राठौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद देश और प्रदेश की महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में महिलाओं को वर्तमान आरक्षण से भी बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि निकायों में 33 प्रतिशत और पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण के साथ महिलाओं की भागीदारी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, इज्जत घर, हर घर जल योजना, लखपति दीदी अभियान जैसी अनेक योजनाओं ने महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाया है। आज महिलाएं केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में भी सामने आ रही हैं। आने वाले समय में विधानसभा और लोकसभा की नीति निर्माण प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी और अधिक दिखाई देगी।

एडीजी सुहास ने किया चित्तौड़गढ़ जिले का वार्षिक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण के दिए निर्देश, डेमो देखा

चित्तौड़गढ,वेब वार्ता। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) राघवेंद्र सुहास दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के लिए चित्तौड़गढ़ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली, संपर्क सभा की, अपराध गोष्ठी आयोजित की और नाकाबंदी व जघन्य अपराध की विवेचना का डेमो देखा। संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व पुलिस कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को एडीजी ट्रेनिंग राघवेंद्र सुहास के पुलिस लाइन पहुंचने पर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ उनका स्वागत किया। दौरे के पहले दिन एडीजी सुहास ने सबसे पहले जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संपर्क सभा ली। उन्होंने जवानों की सेवा संबंधी व व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से सुना। स्थानीय स्तर पर समाधान संभव समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। शेष मामलों का पुलिस मुख्यालय व राज्य सरकार स्तर पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी मुकुल शर्मा, भगवत सिंह, जिले के समस्त वृत्ताधिकारी, थानाधिकारी एवं कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे। बड़ा खाना आयोजित कर एडीजी ने जवानों के साथ भोजन भी किया। संपर्क सभा के बोले, पुलिसकर्मियों का मनोबल सर्वोच्च प्राथमिकता संपर्क सभा में एडीजी ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कल्याण, उनकी कार्य क्षमता एवं जनसेवा की भावना को मजबूत करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने सभी से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी व संवेदनशीलता से कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इसके बाद जिले के समस्त अधिकारियों से परिचय कर कानून-व्यवस्था व अपराध की स्थिति की समीक्षा की। अपराध गोष्ठी में दिए सख्त निर्देश

एडिशनल एसपी, समस्त वृत्ताधिकारियों एवं थानाधिकारियों की अपराध गोष्ठी में एडीजी ने निर्देश दिए कि संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। गैंगवार, अवैध हथियार, मादक पदार्थ तस्करी, आदतन एवं हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा एवं कानून के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण व तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया।

एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण

एडीजी ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण भी किया। विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर कार्य प्रणाली, अभिलेख संधारण व लंबित कार्यों का अवलोकन किया। शाखा प्रभारियों को रिकॉर्ड अद्यतन रखने,

लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने व कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। परेड, नाकाबंदी व विवेचना का डेमो देखा शुक्रवार को एसपी धर्मेंद्रसिंह के नेतृत्व में छह प्लाटून की परेड की सलामी ली। एएसपी मुकुल शर्मा, डीएसपी बृजेश सिंह, मनीष शर्मा, अंजली सिंह, मुकेश व अनिल पांडे ने प्लाटून कमांडर की भूमिका निभाई। एडीजी ने जवानों के अनुशासन व समन्वय की सराहना की। इसके बाद डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के नेतृत्व में मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ के लिए नाकाबंदी व तलाशी का डेमो प्रस्तुत किया गया। डीएसपी शिवप्रकाश के नेतृत्व में अज्ञात महिला से दुष्कर्म कर हत्या जैसी जघन्य घटना के अनावरण, घटनास्थल संरक्षण, साक्ष्य संकलन व वैज्ञानिक अनुसंधान का डेमो भी दिखाया गया। एडीजी सुहास ने पुलिस की तैयारी, अनुशासन और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की।

राजस्थान में तबादलों से बैन हटा, पांच जुलाई तक होंगे ट्रांसफर

जयपुर,वेब वार्ता। राजस्थान सरकार ने लंबे इंतजार के बाद सरकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटा दी है। सरकार ने 19 जून से 5 जुलाई तक यानी 16 दिनों के लिए ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगा बैन हटाने का आदेश जारी किया है। पिछले कई महीनों से कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच तबादलों को लेकर चल रही चर्चाओं पर सरकार के इस फैसले से विराम लग गया है।

आदेश के अनुसार, तबादलों में एकल महिला, विधवा, परित्यक्ता तथा कैंसर, हृदय रोग, दिमाग, फेफड़े और किडनी जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। यह आदेश सरकारी विभागों के साथ-साथ निगमों, बोर्डों और स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। हालांकि सरकार ने दो प्रमुख विभागों को तबादला प्रक्रिया से अलग रखा है। शिक्षा विभाग में कार्यरत तृतीय श्रेणी शिक्षकों (ग्रेड थर्ड टीचर्स) और चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे। चिकित्सा विभाग में नर्सिंग ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन, डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी इस प्रक्रिया से बाहर रहेंगे।

गौरतलब है कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादलों पर वर्ष 2018 से ही रोक लगी हुई है। शिक्षक संगठन लगातार इस रोक को हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस बार भी सरकार ने उनके तबादलों पर लगी रोक बरकरार रखी है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग में तबादलों से बैन नहीं हटाने के पीछे मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। सरकार का मानना है कि बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मियों के तबादले होने से अस्पतालों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए इस विभाग को फिलहाल तबादला प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। तबादलों में जनप्रतिनिधियों की सिफारिशों को भी महत्व मिल सकता है। शिक्षा, पुलिस, बिजली, वित्त और अन्य जनसरोकार से जुड़े विभागों में तबादलों की मांग सबसे अधिक बताई जा रही है। भाजपा विधायक भी पिछले कई महीनों से तबादलों पर लगी रोक हटाने की मांग लगातार उठा रहे थे। पार्टी की विभिन्न बैठकों और विधायक दल की बैठकों में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था।

पाली के 5 केंद्रों पर 2079 अभ्यर्थी देंगे नीट परीक्षा

पाली/सुमेरपुर , 19 जून (वेबवार्ता) । पाली में 21 जून को नीट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए पाली के 5 परीक्षा केंद्र तय किए गए हैं, जहां 2079 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। 11 बजे से शुरू होगी अभ्यर्थियों की एंट्री परीक्षा के कॉर्डिनेटर एचएल मीणा ने बताया कि नीट परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होकर शाम 5:15 बजे तक चलेगी। अभ्यर्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। एंट्री से पहले सभी अभ्यर्थियों की कड़ी जांच की जाएगी। पुलिस लाइन में हुई अधिकारियों की बैठक पाली शहर की पुलिस लाइन में शुक्रवार को SP मोनिका सैन ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने

को लेकर चर्चा की गई। SP ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। ASP ने दिए जरूरी दिशा-निर्देश ASP निशांत भारद्वाज ने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचें। परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि, नकल या अनुचित साधनों के इस्तेमाल की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दें। केंद्रों के आसपास रहेगी विशेष निगरानी पुलिस को परीक्षा केंद्रों पर अनधिकृत लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश और निकासी के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने पर भी जोर दिया गया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ जमा नहीं होने देने और अनावश्यक जमावड़े को हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

सोशल मीडिया पर भी रखी जाएगी नजर पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर परीक्षा से जुड़ी भ्रामक या अफवाह फैलाने वाली सूचनाओं पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया है।

किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा गया है।

मेडिकल बोर्ड से हुआ पोस्टमॉर्टम, बॉडी सौंपी

पाली/सुमेरपुर , 19 जून (वेबवार्ता) । पाली के हेमावास बांध में डूबे युवक का शुक्रवार को बांगड़ हॉस्पिटल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजन ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। आश्वासन मिलने के बाद बॉडी ली। शहर के सर्वोदय नगर में रहने वाला सुभाष राव (20) गुरुवार को बांध में डूब गया था। बता दें कि गुरुवार को सुभाष राव, रौनक (18) और नाबालिग दोस्त (16) के साथ घूमने के लिए हेमावास बांध गए थे। वहां सुभाष और नाबालिग दोस्त नहाने के लिए पानी में उतर गए। जानकारी मिली कि नाबालिग किनारे पर ही नहाने लगा जबकि सुभाष गहरे पानी में चला गया। डूबने से सुभाष की मौत हो गई। घटना को लेकर सुभाष के परिजन ने कहा था कि सुभाष अच्छा तैराक था। उसके साथ किसी तरह की अनहोनी हुई है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को भी मिलेगा राज्य बीमा कवर

जयपुर,वेब वार्ता। सरकार ने परिवीक्षाकालीन राज्य कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उन्हें भी राज्य बीमा योजना के दायरे में शामिल करने का निर्णय किया है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार निदेशालय राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (एसआईपीएफ) जयपुर ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राजस्थान सरकारी कर्मचारी बीमा नियम, 1998 के नियम 8 के उपनियम (2) के तहत अब परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को नियुक्ति के बाद आने वाले प्रथम मार्च माह से राज्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को सेवा के शुरुआती दौर से ही सामाजिक सुरक्षा और बीमा संरक्षण प्रदान करना है।

विभाग द्वारा जारी प्रावधानों के अनुसार परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों के पारिश्रमिक से राज्य बीमा प्रीमियम के रूप में प्रतिमाह 800 रुपये की निश्चित राशि काटी जाएगी। यह नई व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। राज्य बीमा प्रीमियम की कटौती मार्च के देय अप्रैल 2026 के वेतन बिल, एरियर अथवा एसआईपीएफ पोर्टल 3.0 पर उपलब्ध डिजिटल सुविधा के माध्यम से की जा सकेगी।

संयुक्त निदेशक प्रह्लाद कुमार मीणा ने बताया कि इस निर्णय से परिवीक्षाकालीन कर्मचारियों को भी राज्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा और उन्हें सेवा के प्रारंभिक चरण से ही वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

पेपर लीक पर फिर बरसे अरविंद केजरीवाल, सरकार की नीयत पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 19 जून (वेब वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर पेपर लीक के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के प्रति गंभीर नहीं है और इस संबंध में उठाए जा रहे कदम समस्या के स्थायी समाधान के बजाय केवल दिखावे तक सीमित हैं। सामाजिक माध्यम पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास प्रभावी नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक का कारोबार बहुत बड़े स्तर पर संचालित होता है और इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों में प्रभावशाली लोगों की भूमिका हो सकती है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र लीक से होने वाली अवैध कमाई का उपयोग राजनीतिक गतिविधियों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में इस समस्या को समाप्त करना चाहती तो अब तक ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा चुके होते। हालांकि उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई प्रत्यक्ष प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने हाल में उठाए गए कुछ सरकारी कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि केवल तकनीकी या प्रशासनिक उपायों से प्रश्नपत्र लीक जैसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। उनका कहना था कि इसके लिए व्यवस्था में व्यापक सुधार और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। आम आदमी पार्टी प्रमुख ने युवाओं, अभिभावकों और आम नागरिकों से इस मुद्दे पर जागरूक होने तथा आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आने वाली अनियमितताएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करती हैं और इस विषय पर गंभीर राष्ट्रीय चर्चा की आवश्यकता है। गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ समय से लगातार प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरते रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने सामाजिक माध्यमों के जरिए इस मुद्दे को उठाते हुए दावा किया था कि प्रश्नपत्र लीक का कारोबार बड़े स्तर पर संचालित हो रहा है और इसे समाप्त करने के लिए कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से समय-समय पर परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न कदम उठाने की बात कही जाती रही है। प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं को लेकर राजनीतिक बयानबाजी के बीच यह मुद्दा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया है।

एम्स नई दिल्ली ने हासिल किया 105वां स्थान

नई दिल्ली, 19 जून (वेब वार्ता)। एम्स नई दिल्ली को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 105वां स्थान मिला है। इस रैंकिंग से एम्स दुनिया के अग्रणी विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि पर एम्स ने कहा कि यह सफलता मरीजों की देखभाल, पढ़ाई और रिसर्च में उत्कृष्टता की वजह से मिली है। संस्थान बेसिक, क्लिनिकल और ट्रांसलेशनल रिसर्च के जरिये देश के कई राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को भी मदद करता है। एम्स ने डायग्नोस्टिक किट और टेस्ट में नई खोजें की हैं। साथ ही, इलाज में एआई और डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाया है। बेहतर प्रशासन और पारदर्शिता को लेकर संस्थान की प्रतिबद्धता को भी रैंकिंग में सराहा गया। एम्स ने इसे पूरे संस्थान की टीम की मेहनत का नतीजा बताया और कहा कि संस्थान आगे भी भारत और दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य बेहतर बनाने का काम करेगा।

जेएनयू ने बदला स्नातकोत्तर प्रवेश कार्यक्रम, 25 जून से शुरू होगी प्रक्रिया

नई दिल्ली, 19 जून (वेब वार्ता)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम में संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार पहली मेरिट सूची 25 जून को जारी की जाएगी, जिसके साथ ही प्रवेश प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पहली मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 25 से 27 जून के बीच ऑनलाइन पूर्व नामांकन और शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

कलेक्टर ने योग दिवस की तैयारियों व व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जोधपुर,,वेब वार्ता। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन को लेकर जिला कलेक्ट आलोक रंजन ने शुक्रवार को सम्राट अशोक उद्यान पहुंचकर तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने पार्किंग, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन की प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, योगाभ्यासियों, पेंशनर्स तथा वरिष्ठ नागरिकों सहित आमजन की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएं।

जिला कलेक्टर ने आयुष मंत्रालय के योग संगम पोर्टल तथा राज्य सरकार के योग पोर्टल पर सभी योग स्थलों का समयबद्ध पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन से भी 21 जून को अपने निकटतम योग स्थल पर पहुंचकर सामूहिक योगाभ्यास में सहभागी बनने तथा योग को स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, आयुर्वेद विभाग,जोधपुर की उपनिदेशक एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. अंजू नागर, आयुर्वेद विभाग के डॉ. मुकेश प्रजापत सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

योग जीवनदान, रोगों का निदान है योगः जोशी

जोधपुर,वेब वार्ता। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में लोग योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन की जानकारी प्राप्त करेंगे। वहीं जो लोग इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो पाएंगे, वे घर पर ही सरल योग क्रियाओं को अपनाकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। यह बात महामंदिर निवासी योग गुरु, फिटनेस ट्रेनर, नाड़ी वैद्य एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ अरविंद जोशी ने योग दिवस के उपलक्ष में कही।

अरविंद जोशी ने बताया कि उन्हें योग की शिक्षा पारिवारिक विरासत के रूप में मिली है और उनका परिवार पांच पीढ़ियों से योग साधना से जुड़ा हुआ है। वे वर्षों से स्कूलों और गांवों में निशुल्क योग प्रशिक्षण देकर योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग का लाभ तभी मिलता है जब इसे सही एवं प्राचीन पद्धति से किया जाए। उन्होंने बताया कि अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, शीतली, उज्जायी जैसे प्राणायाम शरीर और मन को संतुलित रखते हैं। वहीं ध्यान, सहज योग, त्राटक, हठयोग, शांभवी और समाधि जैसी योग विधियां मानसिक शांति एवं आत्मिक विकास में सहायक हैं।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों को नींद की समस्या है, वे शवासन का नियमित अभ्यास करें, इससे शरीर को गहरा आराम मिलता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है। योग गुरु ने विभिन्न आसनों के लाभ भी बताए। उनके अनुसार धनुरासन आंखों की रोशनी बढ़ाने तथा जोड़ों के दर्द में लाभकारी है। गोमुखासन पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक माना जाता है।

गरुड़ासन शरीर में ऊर्जा और एकाग्रता बढ़ाता है, जबकि हलासन रीढ़ एवं कंधों के दर्द में राहत देता है। सर्वांगासन रक्त संचार को बेहतर बनाकर शरीर को सशक्त करता है। पवनमुक्तासन गैस, पाचन संबंधी समस्याओं एवं शरीर की शुद्धि में उपयोगी है। मालासन महिलाओं की कई स्वास्थ्य समस्याओं तथा साइटिका जैसी परेशानियों में लाभदायक माना जाता है। वहीं वज्रासन भोजन के पाचन में सहायक होकर गैस और अम्लता की समस्या को कम करता है। अरविंद जोशी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। योग मन, बुद्धि और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। संयमित जीवन, संतुलित खान-पान, इंद्रियों पर नियंत्रण और सकारात्मक सोच ही योग का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत, बुद्धि विकसित और जीवन ऊर्जावान बनता है। योग व्यक्ति को रोगों से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ आत्मिक उन्नति की दिशा में भी अग्रसर करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के, परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय: – 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली –110001 फोन: – 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट: www.pnbhousing.com

जोधपुर शाखा: पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्लाट–17, तीसरी मंजिल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्कल के पास, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान–342003

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(S) (ए)	मांग सूचना की राशि और तारीख (बी)	कब्जा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
NHL/JDH/0919/744745, बी.ओ.: जोधपुर, राजेंद्र कुमार लूकर/श्रीमती इंद्रा कंवर लूकर/नरेंद्र कुमार लूकर/महादीप फैब्रिक्स/विजेता राजेंद्र कुमार	15.12.2024 तक रु. 9194561.12	भौतिक कब्जा	79, गजानंद मार्ग, पाली 306401	रु. 12116000	रु. 1211600	08.07.2026	रु. 1 लाख	01.07.2026 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	09.07.2026 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	एसए/369/2025, डीआरटी, जयपुर एनडीओएच 13.10.2026

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायाल